**सत्र - 2022-23**
**कक्षा - दसवीं**
**विषय - हिंदी**
**मॉडल टेस्ट पेपर**

**समय - 3 घंटे** **पूर्णांक (लिखित) = 80 अंक**
**आंतरिक मूल्यांकन = 20 अंक**

**नोट :- 1) 5 अंक सुंदर लिखाई के हैं। 2) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।**

## भाग - क

**1) i) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें :-** **4x1=4**

i) 'सु + अल्प' शब्द का संधि शब्द चुनिए।
क) सवल्प ख) स्वल्प ग) सवलप घ) स्वलप

ii) 'दीनों के नाथ' विग्रह का समस्त पद होगा :-
क) दीनानाथ ख) दिनानाथ ग) दीनोनाथ घ) दीननाथ

iii) 'निर्धन' शब्द की भाववाचक संज्ञा है :-
क) निरधनता ख) नीरधनता ग) निर्धनता घ) नीर्धनता

iv) 'जंगल' शब्द का पर्यायवाची शब्द हैं :-
क) वन ख) कानन ग) अरण्य घ) उपर्युक्त सभी।

**ii) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें :-** **4x1=4**

i) 'नीति के दोहे' कविता के आधार पर बताएँ कि सच्चे मित्र की क्या पहचान है?
क) जो प्रतिदिन कक्षा में साथ बैठे। ख) जो हर विपत्ति में साथ दे। ग) जो शरारतों में साथ हो। घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

ii) 'हम राज्य लिए मरते हैं' कविता में उर्मिला किसकी प्रशंसा कर रही है?
क) सैनिकों की ख) नेताओं की ग) किसानों की घ) सभी की।

iii) 'अशिक्षित का हृदय' पाठ के आधार पर बताएँ कि बूढ़े मनोहर सिंह का नीम का पेड़ किसके पास गिरवी था?
क) ठाकुर शिवपाल सिंह के पास ख) तेजा सिंह के पास ग) तेजा सिंह के पिता के पास घ) सुनार के पास

iv) 'माँ का कमरा' लघुकथा के आधार पर बताएँ कि बसंती की पड़ोसन कौन थी?
क) रेशमा ख) बहू ग) नौकरानी घ) दीदी

**iii) निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें :-** **4x1=4**

हम राज्य लिए मरते हैं ।
सच्चा राज्य परन्तु हमारे कर्षक ही करते हैं।
जिनके खेतों में है अन्न,
कौन अधिक उनसे सम्पन्न ?
पत्नी-सहित विचरते हैं वे, भव वैभव भरते हैं,
हम राज्य लिए मरते हैं।

i) प्रस्तुत पंक्तियाँ कौन-सी कविता में से ली गई हैं ?
क) हम राज्य लिए मरते हैं ख) गाता खग ग) जड़ की मुस्कान घ) नीति के दोहे

ii) वास्तविक राज्य कौन करते हैं?
क) धनी लोग ख) गरीब लोग ग) किसान घ) बुरे लोग

iii) पद्यांश में आए 'कर्षक' शब्द का क्या अर्थ है?
क) किसान ख) मूर्ख ग) मज़दूर घ) नेता

iv) उपर्युक्त पद्यांश का केंद्रीय भाव क्या है?
क) किसानों के जीवन की प्रशंसा ख) किसानों की गरीबी का ज़िक्र
ग) नेता लोगों के जीवन की प्रशंसा घ) राजाओं के जीवन की प्रशंसा

**iv) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें :-** **3x1=3**

i) 'जी भर आना' मुहावरे का क्या अर्थ है?

क) मुश्किल काम ख) ईर्ष्यापूर्ण बातें करना ग) बुरी तरह पराजित करना घ) मन व्याकुल होना

ii) 'दूध का धुला' मुहावरे का क्या अर्थ है?

क) इज्ज़त बचा लेना ख) थोड़ा सा सहारा ग) अत्यधिक थक जाना घ) बिल्कुल निष्पाप/निष्कलंक/निर्दोष

iii) 'नेकी कर दरिया में डाल' लोकोक्ति का क्या अर्थ है?

क) प्रसिद्धि के अनुसार गुण न होना ख) किसी का उपकार करके उसे जताना नहीं चाहिए।

ग) अधूरा ज्ञान हानिकारक होता है। घ) विरोधी की चाल समझना

**v) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें :-** **5x1=5**

पंजाब की संस्कृति का भारतीय संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है। पंजाब की धरती पर चारों वेदों की रचना हुई। यहीं प्राचीनतम सिन्धु घाटी की सभ्यता का जन्म हुआ। यह गुरुओं की पवित्र धरती है। यहाँ गुरु नानक देव जी से लेकर गुरु गोबिन्द सिंह जी तक दस गुरुओं ने धार्मिक चेतना तथा लोक-कल्याण के अनेक सराहनीय कार्य किए हैं। गुरु तेगबहादुर जी एवं गुरु गोबिन्द सिंह जी के चारों साहिबज़ादों का बलिदान हमारे लिए प्रेरणादायक है और ऐसा उदाहरण संसार में अन्यत्र कहीं दिखाई नहीं देता। यहाँ अमृतसर का श्री हरमंदिर साहिब प्रमुख धार्मिक स्थल है। इसके अतिरिक्त आनन्दपुर साहिब, कीरतपुर साहिब, मुक्तसर साहिब, फतेहगढ़ साहिब के गुरुद्वारे भी प्रसिद्ध हैं। देश के स्वतंत्रता संग्राम में पंजाब के वीरों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। देश के अन्न भंडार के लिए सबसे अधिक अनाज पंजाब ही देता है। पंजाब में लोहड़ी, बैशाखी, होली, दशहरा, दीपावली आदि त्योहारों के अवसरों पर मेलों का आयोजन भी हर्षोल्लास से किया जाता है। आनन्दपुर साहिब का होला मोहल्ला, मुक्तसर का माघी मेला, सरहिंद में शहीदी जोड़ मेला, फरीदकोट में शेख फरीद आगम पर्व, सरहिंद में रोज़ा शरीफ पर उर्स और छपार मेला, जगराओं की रोशनी आदि प्रमुख हैं। पंजाबी संस्कृति के विकास में पंजाबी साहित्य का भी महत्वपूर्ण स्थान है। मुसलमान सूफी संत शेख फरीद, शाह हुसैन, बुल्लेशाह, गुरु नानकदेवजी, शाह मोहम्मद, गुरु अर्जुनदेव जी आदि की वाणी में पंजाबी साहित्य के दर्शन होते हैं। इसके बाद दामोदर, पोलू, वारिस शाह, भाई वीर सिंह, कवि पूर्ण सिंह, धनीराम चात्रिक, शिव कुमार बटालवी, अमृता प्रीतम आदि कवियों, जसवन्त सिंह, गुरदयाल सिंह और सोहन सिंह शीतल आदि उपन्यासकारों तथा अजमेर सिंह औलख, बलवन्त गार्गी तथा गुरशरण सिंह आदि नाटककारों की पंजाबी साहित्य के उत्थान में सराहनीय भूमिका रही है।

प्रश्न 1. चारों वेदों की रचना कहाँ हुई ?

प्रश्न 2. पंजाब के प्रमुख ऐतिहासिक स्थल कौन से हैं ?

प्रश्न 3. पंजाब के प्रमुख त्योहार कौन से है ?

प्रश्न 4. 'सराहनीय' शब्द काअर्थ लिखिए।

प्रश्न 5. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

**vi) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :-** **6x1=6**

i) 'पर्वत' शब्द का विशेषण शब्द 'पर्वतीय' है। ( सही या गलत )

ii) 'परिमाण, परिणाम' शब्दों के क्रमानुसार अर्थ माप/नाप, नतीजा हैं। ( हाँ अथवा नहीं )

iii) 'जिसका पति मर गया हो' के लिए एक शब्द ........ है। (रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)

iv) 'इंसान' शब्द का विलोम शब्द क्या है?

v) 'फल' शब्द का सही अर्थों के साथ मिलान कीजिए :-

क) कुल, बाँस

ख) वायु, साँस

ग) परिणाम, लाभ

vi) 'मुझे भारी प्यास लगी हुई है।' वाक्य को शुद्ध करके लिखें।

**vii) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :-** **4x1=4**

क) लेखक के अनुसार हमारे देश को किन दो बातों की आवश्यकता है?

ख) साधु को तावीज़ बनाने के लिए कितनी पेशगी दी गई?

ग) दादा जी पुराने नौकरों के हक में क्यों थे?

घ) जयदेव की पत्नी कौन थी?

**भाग - ख**

**2) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर तीन-चार पंक्तियों में दें :-** **3x2=6**

क) मंदिर में लगाए शिलालेख पर क्या लिखा गया ?

ख) चित्रा की हॉस्टल से विदाई के समय अरुणा क्यों नहीं पहुँच सकी ?

ग) अपने से अधिक आत्मबल रखने वाले व्यक्ति को मित्र बनाने से क्या लाभ है ?

घ) सूरज के डूबने पर सब गुमसुम क्यों हो गए थे ?

ङ) जयदेव ने अपनी छुट्टी कैंसिल क्यों करा दी थी?

**3) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर छह-सात पंक्तियों में दीजिए :-** **3x4=12**

क) ममता का चरित्र चित्रण कीजिए।

ख) 'माँ का कमरा' कहानी का उद्देश्य क्या है?

ग) राजेंद्र बाबू की शारीरिक बनावट, वेशभूषा और स्वभाव का वर्णन करें।

घ) लेखक को ऐसा क्यों लगा कि वे किसी दूसरे ही लोक में चले आए हैं?

ङ) 'सूखी डाली' एकांकी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

**भाग - ग**

**4) निम्नलिखित पंजाबी वाक्य का हिंदी में अनुवाद करें :-** **4**

ਖੇਡਾਂ ਦਾ ਮਨੁੱਖ ਦੇ ਜੀਵਨ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਵੱਡਾ ਯੋਗਦਾਨ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਇਹ ਜੀਵਨ ਦਾ ਇੱਕ ਬਹੁਤ ਹੀ ਲਾਜ਼ਮੀ ਅੰਗ ਹਨ। ਇਹ ਸਰੀਰ ਨੂੰ ਸਿਹਤਮੰਦ ਰੱਖਣ 'ਚ ਸਹਾਇਕ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ। ਇਕ ਸਿਹਤਮੰਦ ਵਿਅਕਤੀ ਹੀ ਚੰਗੇ ਸਮਾਜ ਦੀ ਉਸਾਰੀ ਵਿੱਚ ਯੋਗਦਾਨ ਪਾ ਸਕਦਾ ਹੈ।

**भाग - घ**

**5) आपका नाम परंजय कुमार है। आप संकल्प पब्लिक स्कूल, पटियाला के डायरेक्टर हैं। आपके स्कूल में दिनांक 7 सितम्बर, 2023 को विज्ञान प्रदर्शनी लग रही है। आप अपनी ओर से एक सूचना तैयार कीजिए जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों को इसमें भाग लेने के लिए कहा गया हो।** **4**

**अथवा**

**आपका नाम राजेश मित्तल है। आप आनन्द हाई स्कूल, दीनानगर में पढ़ते हैं। आप अपने स्कूल के पर्यावरण संरक्षण क्लब के अध्यक्ष हैं। आपके स्कूल में दिनांक 6 जून, 2022 को पर्यावरण दिवस मनाया गया, जिसमें आपके इलाके के प्रसिद्ध पर्यावरणविद राधेश्याम वोहरा को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने तथा विद्यार्थियों ने मिलकर स्कूल में 200 पौधे लगाए। विद्यार्थियों ने पौधों के संरक्षण की शपथ ग्रहण की। इस आधार पर प्रतिवेदन लिखिए।**

**भाग - ङ**

**6) 'जन चेतना' मुंबई के समाचार पत्र के मुख्य सम्पादक के नाम सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए दुर्घटनाओं को रोकने के सुझाव संबंधी एक पत्र लिखिए।** **7**

अथवा

**कक्षा की समस्याओं को हल करवाने के संबंध में अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।**

**7) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए :-** **7**

क) मेरी पहली हवाई यात्रा ख) भ्रमण : ज्ञान वृद्धि का साधन ग) जनसंचार के माध्यम

## भाग - च

**8) मान लीजिए आपका नाम ललित कुमार है। आपका सेक्टर - 43, चंडीगढ़ में डाकघर में बचत खाता है। जिसका नंबर 21989 है। आपको अपने खाते में से दिनांक 23.08 2023 को ₹25000 निकलवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र पूर्ति करें :-** **5x1=5**

डाकघर - सेक्टर -43, चंडीगढ़
डाकघर से रुपए निकलवाने सम्बन्धी प्रपत्र

दिनांक ............................

खाता संख्या .................................................................................................................................... में से
कृपया मुझे/संदेशवाहक को .................(अंकों में) ....................................................रुपए (शब्दों में) का भुगतान करें।

.....................................
खाताधारक के हस्ताक्षर

**अथवा**

**मान लीजिए आपका नाम रीना रानी है। आपका गुड बैंक, शाखा हिमाचल प्रदेश में एक बचत खाता है,जिसका नंबर 34511236767 है। आपको अपने इस खाते में ₹5000 जमा करवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें :-**

गुड बैंक, शाखा हिमाचल प्रदेश
बैंक में रुपए जमा करवाने के लिए प्रपत्र

जमा बचत खाता नंबर ............................................................जो कि ....................................................
..................................................................... के नाम से है में रुपए ....................................... (अंकों में )
............................................................................................................... (रुपए शब्दों में ) जमा करें।

जमाकर्ता के हस्ताक्षर ............................

**9) सुंदर लिखाई** **5**